आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 04.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में ''मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना'' के तहत एकल महिलाओं को अधिकतम दो लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी।
- राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत कलस्टर विद्यालय योजना को अमल में लाने की दिशा में कदम बढ़ाए।
- टिहरी बांध की झील में डोबरा में नया बोटिंग प्वाइंट बनाया गया, इसके संचालन से स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार।
- आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से।

<u>मंजूरी</u>

प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत अविवाहित, परित्यक्ता, तलाकशुदा, निराश्रित और विकलांग एकल महिलाओं को अधिकतम दो लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता मिलेगी। इसमें 75 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में दी जाएगी, जबकि लाभार्थियों को केवल 25 प्रतिशत राशि स्वयं वहन करनी होगी।

योजना के तहत पहले वर्ष में कम से कम दो हजार महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है, और पहले साल की प्रगति के आधार पर लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद जल्द ही इसका शासनादेश जारी किया जाएगा।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने इसे प्रदेश की बहनों के लिए महिला दिवस का अग्रिम उपहार बताते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य एकल महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

<u>कलस्टर विद्यालय योजना</u>

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत कलस्टर विद्यालय योजना को अमल में लाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं।

इस योजना के तहत प्रत्येक जिले में एक–एक कलस्टर विद्यालय को आवासीय सुविधा युक्त बनाया जाएगा। पहले चरण में विपरीत भौगोलिक परिस्थिति वाले पांच जिलों में एक–एक कलस्टर आवासीय विद्यालय बनाये जायेंगे, ताकि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को आवासीय सुविधा के साथ–साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

इसी कड़ी में रूद्रप्रयाग जिले में तीन विद्यालयों के लिए लगभग साढ़े सात करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृति की गई है। इसमें राजकीय इंटर कॉलेज बसुकेदार, राजकीय इंटर कॉलेज कोटमा, ऊखीमठ और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अगस्तमुनि शामिल हैं। स्वीकृत धनराशि से इन विद्यालयों में पठन–पाठन और स्टॉफ के लिये कक्ष के निर्माण सहित प्रयोगशाला, शौचालय ब्लॉक व सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जायेगा। इसके लिये कार्यदायी संस्था नामित कर दी गई है और जल्द ही इन विद्यालयों में निर्माण कार्य के लिये धनराशि अवमुक्त कर दी जायेगी।

तीनों स्कूलों को कलस्टर विद्यालय में विकसित करने की योजना है ताकि एक ही विद्यालय में छात्र–छात्राओं को सभी विषयों के अध्यापक, प्रयोगशालाएं, कम्प्यूटर लैब, खेल व अन्य गतिविधियां और विभिन्न सरकारी योजनाओं का आसानी से लाभ मिल सकेगा।

## तैयारियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित शीतकालीन यात्रा के लिए उत्तरकाशी में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। अपनी यात्रा के दौरान इस बार प्रधानमंत्री, जाड़ जनजाति द्वारा हाथ से बुने ऊनी परिधान में नजर आ सकते हैं। जिला प्रशासन की पहल पर डुंडा स्थित नालंदा स्वयं सहायता समूह ने उनके लिए पारंपरिक पट्टू ऊन से बने कोट, पजामा और पहाड़ी टोपी तैयार की है। उत्तरकाशी से हमारे जिला संवाददाता ने बताया कि इन परिधानों के लिए स्लेटी और बादामी रंग का चयन किया गया है, और टोपी पर उत्तराखंड का राज्य पुष्प ब्रह्मकमल लगाया जाएगा।

पट्टू ऊन पूरी तरह हाथ से तैयार किया जाता है, जिसकी बुनाई और रंगाई पारंपरिक और प्राकृतिक तरीकों से की जाती है। यह कपड़ा सर्दियों में अत्यधिक गर्म रहता है और इसकी मांग हमेशा बनी रहती है। इस कार्य में नालंदा समूह से जुड़ी 70 से 80 महिलाएं शामिल हैं, जो ऊनी वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने में योगदान दे रही हैं। समूह की अध्यक्ष भागीरथी नेगी ने बताया कि प्रधानमंत्री के लिए यह परिधान तैयार करना उनके समुदाय के लिए गर्व की बात है।

प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दौरान यदि यह पारंपरिक परिधान धारण करते हैं तो निश्चित रूप से इसका प्रचार–प्रसार बड़े स्तर पर होगा।

## बोटिंग प्वाइंट

टिहरी बांध की झील में प्रतापनगर क्षेत्र की ओर डोबरा में नया बोटिंग प्वाइंट बनाया गया है। इसके संचालन से जहां, पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। जिला पर्यटन विकास अधिकारी सोबत सिंह राणा ने बताया कि कोटी कालोनी के बाद डोबरा, नंदगांव और सांदणा में नए बोटिंग प्वाइंट विकसित किए जा रहे हैं। इनमें से डोबरा बोटिंग प्वाइंट पर सभी सुविधाएं विकसित की गई हैं। उन्होंने बताया कि बोटिंग प्वाइंट पर शुरुआत मे 10 बोट के संचालन की अनुमति दी गई है। उन्होंने बताया कि शासन–प्रशासन का लक्ष्य है कि इसे वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित कर डोबरा और आस–पास के गांवों के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाए।

चैंपियंस ट्रॉफी

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में आज भारत और ऑस्ट्रेलिया आमने सामने होंगे। यह मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे शुरू होगा। भारतीय टीम, स्पिनर गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के साथ टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर रही है। बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ ठोस जीत के बाद भारत ने अपने अंतिम लीग मैच में न्यूजीलैंड को भी रोमांचक मैच में 44 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ, भारत सभी तीन मैच जीतकर ग्रुप–ए में शीर्ष पर रहा। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया की टीम बेहतर प्रदर्शन कर रही है। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल कल न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच लाहौर में होगा। फाइनल रविवार को खेला जाएगा

बफबारी/बारिश

उत्त्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमनोत्री सहित उच्च हिमालय क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के कारण हर्षिल घाटी में सुक्खी टॉप के बाद गंगोत्री हाइवे बाधित हो गया है। बीआरओ मार्ग को खोलने में जुटा हुआ है। जिले में बारिश और बर्फबारी से 10 मोटरमार्ग बाधित हुए हैं, जिनको खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, मुखबा में बर्फबारी के साथ तेज हवाएं भी चल रही हैं। गौरतलब है कि 6 मार्च को हर्षिल–मुखबा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा प्रस्तावित है, जिसके लिए प्रशासन की टीम व्यवस्थाओं के लिए पहुच रही हैं, लेकिन बर्फबारी होने से सभी को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उधर, चमोली जिले में कल रात से ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में बारिश हो रही है।

कौशल विकास प्रशिक्षण

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बी. गोपाला रेड्डी परिसर, पौड़ी में छात्राओं के लिए छह दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षक डिम्पल ने बताया कि यह प्रशिक्षण बेटियों की झिझक दूर करने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और अपनी बात को पुख्ता ढंग से रखने के हुनर पर कैन्द्रित है। उन्होंने बताया कि युवतियां, साक्षात्कार के लिए खुद को कैसे तैयार करें, यह प्रशिक्षण में सिखाया जाएगा।

वहीं, प्रशिक्षण ले रही छात्राओं का कहना है कि यह प्रशिक्षण उनके व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

पासपोर्ट कैम्प

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय देहरादून की ओर से प्रदेशभर में मोबाइल वैन पासपोर्ट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कोई भी व्यक्ति अपना पासपोर्ट और पासपोर्ट नवीनीकरण करवा सकते हैं। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी विजय शंकर पांडे ने बताया कि एक दिन में 50 स्लॉट ही बुक करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से अपने पासपोर्ट बनाने के लिए स्लॉट बुक करने की अपेक्षा की है।